डाकघरों की संख्या

755. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान कितने डाकघर तथा तारघर खोले गये;

(ख) चालू वर्ष के दौरान गांवों और शहरों में कितने-कितने डाकघर तथा तारघर खोले जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) डाकघर : 1983–84 के दौरान 2,260 तथा 1984–85 में 62 डाकघर खोले गए।

तारघर : प्रारम्भ में तार सुविधाएं डाकघरों में प्रदान की जाती हैं ऐसे डाकघरों को संयुक्त डाक तारघर कहा जाता है। परियात की दृष्टि से औचित्य सिद्ध होने पर, उन्हें तारघर में परिवर्तित किया जाता है। 1983–84 के दौरान 2,030 तथा 1984–85 में 2,070 संयुक्त डाकतार घर खोले गए।

(ख) डाकघर : 1985–86 के दौरान फिलहाल डाकघर खोलने का कार्यक्रम नहीं है।

तारघर : 31–12–1985 तक 60 संयुक्त डाकतार घर खोले गए।

(ग) डाकघर : डाकघर खोलने के साथ-साथ पदों का सृजन करना पड़ता है। सरकार ने पदों के सृजन पर फिलहाल रोक लगा रखी है। इसके अलावा पुनरीक्षा के उपरांत पता चला है कि 1,44,335 डाकघरों के वर्तमान नेटवर्क के माध्यम से डाक संचार की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। डाक सेवाओं में हो रहे पर्याप्त घाटे को मद्दे नजर रखते हुए यह आवश्यक है कि वर्तमान कर्मचारियों तथा अन्य संसाधनों से अधिकतम लाभ उठाया जाए तथा इस दृष्टि से डाक सेवाओं का विस्तार बहुत ही चुनिन्दे तौर पर ही किया जा रहा है। तथापि, नई योजना के अधीन, नए क्षेत्रों में कमीशन आधार पर डाक एजेंसियों की स्थापना के लिए लाइसेंस जारी किए जाते है।

तारघर : उपरोक्त भाग (ख) के उत्तर को मद्दे नजर रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

गुजरात में टेलीफोन/टेलक्स के कनेक्शन

756. **श्री चिमनभाई मेहता** :
श्री रामसिंहभाई पातलीया-भाई राठवा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1985 से 10 फरवरी, 1986 तक की अवधि के दौरान राजकोट शहर, राजकोट जिले और गुजरात के अन्य जिलों में स्वीकृत टेलीफोन/टेलेक्स के नये कनेक्शनों की संख्या कितनी है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान टेलीफोन तथा टेलेक्स के नये कनेक्शनों के लिये कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे ;

(ग) 31 जनवरी, 1986 तक उपर्युक्त स्थानों के कितने व्यक्तियों के नाम प्रतीक्षा सूचियों में थे ;

(घ) दिसम्बर, 1986 तक कितने नये कनेक्शन स्वीकृत किये जाने की संभावना है ;

(ङ) गुजरात में किस-किस स्थान पर टेलीफोन प्रणाली के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव है ; और

(च) इस कार्य को सम्पन्न करने में कितना समय लग जाने की संभावना है और इस संबध में ब्यौरा क्या है ?